झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान–सभा
संख्या–01

षोडश (विशेष) सत्र
सोमवार, दिनांक–08जुलाई, 2024 ई०।

समय–11.00 बजे पूर्वा० से 12.26 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

1.प्रारम्भिक वक्तव्य–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा पंचम् झारखण्ड विधान सभा के सोलहवें (विशेष) सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। संसदीय चुनाव के उपरांत इस सदन से चुने गये चार माननीय सदस्यों श्री नलिन सोरेन, श्रीमती जोबा मांझी, श्री ढुलू महतो एवं श्री मनीष जयसवाल को शुभकामनायें दी गयी साथ ही उन्होंने उम्मीद जतायी कि नव गठित केन्द्र सरकार संविधान के अनुरूप संघवाद, समावेशी विकास के साथ 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ेगी। साथ ही आंध्र–प्रदेश, ओडिसा, अरूणाचल प्रदेश एवं सिक्किम विधान सभा के नवगठित सरकारों को भी शुभकामनायें प्रेषित की।

गांडेय विधान सभा उप चुनाव की नवनिर्वाचित माननीय सदस्या, श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन को आसन द्वारा बधाई दी गयी एवं तीसरी बार नियुक्त युवा, उर्जावान एवं संघर्षशील मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन जी को तहेदिल से शुभकामना देते हुए उनका सदन में पुनः स्वागत करने की बात उन्होंने कही। उन्होंने **Twenty-Twenty** क्रिकेट विश्वकप में भारत के विश्व चैम्पियन बनने पर बधाई दी इसके पश्चात् इस एक दिवसीय विशेष सत्र के आहूत सम्बन्धी विषय पर प्रकाश डाला तथा मंत्रिपरिषद् के युवा मुखिया के बारे निम्न पंक्तियों के माध्यम से अपने उद्‌गार व्यक्त किये–

सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघनों को गले लगाते हैं,
कांटों में राह बनाते हैं।
मुँह से न कभी उफ कहते हैं,
संकट का चरण न गहते हैं,
जो आ पड़ता सब सहते हैं,
उद्योग निरत नित रहते हैं,
शूलों का मूल नसाते हैं,
बढ़ खुद विपत्ति पर छाते हैं,
कौन विघन ऐसा जग में ,
टिक सके आदमी के मग में।

क० पृ० उ०

यह एक दिवसीय सत्र है, परन्तु **Small is beautiful** "लघुता में सुंदरता है" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस सत्र की सुंदरता को सार्थक बनाने में सबों का सहयोग अपेक्षित होगा।

2.सभापति तालिका की घोषणा–

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–10(1) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के षोडश (विशेष) सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को सभापति मनोनीत किया गया–

श्री स्टीफन मराण्डी,	स०वि०स०,
श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी,	स०वि०स०,
श्री रामचन्द्र सिंह,	स०वि०स०,
श्री निरल पुरती,	स०वि०स०,
श्री रामदास सोरेन,	स०वि०स०।

3.प्रस्ताव–

आसन द्वारा इस बैठक के लिए माननीय मुख्यमंत्री से प्राप्त प्रस्ताव पर चर्चा के निमित्त एक घंटे का समय आवंटन की घोषणा की गयी तत्पश्चात् आसन की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया:–

"यह सभा वर्त्तमान मंत्रिपरिषद् में विश्वास प्रकट करती है।"

सदन में प्रस्ताव प्रस्तुत होने के पश्चात् आसन की अनुमति से क्रमशः श्री अमर कुमार बाउरी, नेता प्रतिपक्ष, श्री चम्पाई सोरेन, स०वि०स०, श्री उमाशंकर अकेला, स०वि०स०, श्री सुदेश कुमार महतो, स०वि०स०, श्री प्रदीप यादव, स०वि०स०, श्री विनोद कुमार सिंह, स०वि०स० ने चर्चा में भाग लिया।

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सदन नेता, माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सरकार की ओर से विस्तार से उत्तर दिया इसके उपरांत नियमानुसार प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु आसन से घोषणा की गयी तदनुसार मतगणना की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी जिसमें प्रस्ताव के पक्ष में 45(पैंतालिस) और विपक्ष में 00(शून्य) मत पड़े, क्योंकि विपक्ष के मतगणना के क्रम में भारतीय जनता पार्टी, आजसू एवं निर्दलीय माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग किया गया।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित की गयी।

सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

राँची,
दिनांक–08 जुलाई, 2024 ई०।